अकसर पूछे जाने वाले सवाल

काइयोटी स्मार्ट बनें

ब्रैम्पटन में काइयोटीस इतने क्यों दिखाई देते हैं? सिटी उन्हें किसी और जगह पर क्यों नहीं भेजती?

- हालांकि बहुत-से लोग मानते हैं कि शहर की सड़क या फुटपाथ पर काइयोटीस देखना असाधारण है, यह असल में काफी आम है। वे बहुत अनुकूल जानवर हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में फलते-फूलते हैं, परंतु ब्रैम्पटन जैसे बड़े शहरों में वे गहरी घाटियों, घाटी की जमीनों और जंगली क्षेत्रों में भी अच्छी तरह से रहते हैं।
- काइयोटीस को किसी और जगह भेजना या मारना विकल्प नहीं है, इन्हें पकड़ना बेहद मुश्किल है और यह अस्थायी उपाय है। यदि किसी काइयोटीस को हटाया जाता है, तो इसके परिणामस्वरूप अन्य क्षेत्र में आ जाएंगे।
- ओनटैरियो के फिश एंड वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशन एक्ट (Fish and Wildlife Conservation Act) के अंतर्गत, काइयोटीस को पकड़ने और एक किलोमीटर से अधिक दूर तक छोड़ने की अनुमति नहीं है।

साल के किसी समय में ये ब्रैम्पटन में अधिक क्यों दिखाई देते हैं?

- सीजन के आधार पर, ये अधिक या कम दिखाई देते हैं। प्रत्येक सर्दी में, वातावरण में बदलाव के कारण काइयोटीस, अधिक दिखाई देते हैं क्योंकि उनके लिए घुलने-मिलने हेतु काफी कम विकल्प होते हैं।
- जनवरी के अंत से लेकर फरवरी के मध्य तक मेल करने का सीजन होता है और उसके जल्दी बाद, वसंत में बच्चे पैदा करने का सीजन होता है। इस समय के दौरान, काइयोटीस की अधिक फैलने की संभावना होती है क्योंकि वे खाली इलाके या मेल के लिए संभावी साथी या गुफा वाली जगहें ढूंढते हैं।
- मानव व्यवहारों के कारण भी इनका दिखाई देना बढ़ गया है, जिसके परिणामस्वरूप काइयोटीस अधिक आरामदायक महसूस करते हैं और घरों तक बार-बार पहुंच जाते हैं (जैसे हाथ से खिलाना, यार्डों की सफाई न करना, कुत्तों को बिना जंजीर बांधे घुमाना)।

मैं काइयोटीस को अपने घर में आने से रोकने में कैसे मदद कर सकता हूं?

- **कभी भी जंगली जानवरों को भोजन न खिलाएं।** आपकी प्रॉपर्टी पर भोजन के स्रोत, रोडेंट्स और अन्य छोटे जानवरों को आकर्षित करते हैं, जो काइयोटीस के भोजन स्रोत हैं।
- **अपने कूड़े को पिक अप के दिन ही बाहर रखें।** अपने कूड़े के डिब्बों को ढककर, जंगली जानवरों से सुरक्षित क्षेत्र में ही रखें।
- **अपने पेड़ों या गार्डन्स से पके हुए फल या सब्जियां तोड़ लें।** जैसे ही कोई सड़ा हुआ फल जमीन पर गिरे, तुरंत उसे हटा दें और सीजन के अंत में अपने गार्डन्स को साफ करें।
- **पालतू जानवरों को बाहर अकेला न छोड़ें।** आपके अपने बैकयार्ड में अपने पालतू जानवर की रखवाली करना, उनके लिए सबसे बढ़िया उपाय है।
- **बाड़ों और डेक या शेड्स के नीचे किसी भी सुराखों को भर दें।**

यदि काइयोटी मेरे पास आ जाए तो मुझे क्या करना चाहिए?

- **रुकें।** यदि जरूरत हो तो बच्चों और छोटे पालतू जानवरों को उठा लें।

- **वहीं खड़े रहें।** कभी भी काइयोटी से दूर न भागें।

- **खुद को बड़ा बनाएं।** गुस्से में दिखें, सीधे खड़े रहें, अपनी बाहों को हवा में ऊंचा हिलाएं।

- **ऊंची बोलें और दृढ़ रहें।** चीखें, अपने पैरों को ज़ोर-ज़ोर से जमीन पर मारें या अपने हाथों से ताली बजाएं। कोई शोर करने वाला उपकरण साथ में रखें, जैसे सीटी, चटाके की आवाज करने के लिए प्लास्टिक बैग या छाता।

- **लड़ें।** डराने और रोकने के लिए काइयोटी की साधारण दिशा की तरफ कुछ डंडे या पत्थर फेंकें। इन्हें सीधे काइयोटी की तरफ न फेंकें।

- **धीरे-धीरे पीछे हटें।** आंखों का संपर्क बनाकर रखें और याद रखें, कभी भी भागें न।



हम आपको सलाह देते हैं कि इसे अपने बच्चों के साथ साझा करें, ताकि वे भी जान पाएं कि काइयोटी के लिए सुरक्षित रूप से प्रतिक्रिया कैसे करनी है। यदि काइयोटी, पब्लिक सुरक्षा के लिए तात्कालिक खतरा हो, **तो 911 पर फोन करें।**

City of Brampton

Animal Services

काइयोटीस के साथ रहने के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया इन्हें संपर्क करें:

मिनिस्ट्री ऑफ नैचुरल रिसोर्सिज एंड फोरेस्ट्री
www.ontario.ca/mnrf
1-800-667-1940

काइयोटी वॉच कैनेडा
www.coyotewatchcanada.com
905-931-2610

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन एनिमल सर्विसिज
475 क्राइसलर ड्राइव
www.brampton.ca/animalservices
905-458-5800